आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 13.04.2026
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए भारत के 21वीं सदी के निर्णायक सुधार के समर्थन का आह्वान किया।
- प्रधानमंत्री मोदी कल दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस हाईवे का लोकार्पण करेंगे। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनी सड़कों के रख–रखाव की नियमित निगरानी के लिए समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए।
- रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने केदारनाथ धाम में विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया।

**नारी शक्ति वंदन सम्मेलन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत की नारी शक्ति अपने दृढ़ साहस, आत्मविश्वास और मेहनत के दम पर लगातार नई ऊंचाइयां छू रही है। नई दिल्ली में आज नारी शक्ति वंदन सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत 21वीं सदी में महिला सशक्तिकरण को समर्पित एक बड़ा निर्णय लेने जा रहा है। उन्होंने कहा कि संसद नया इतिहास रचने जा रही है, जिसमें भूत और भविष्य की महत्वकांक्षाओं को पूरा किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में महिला आरक्षण, अति–आवश्यक है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी, लोकतंत्र को मजबूत करती है।

**रेखा आर्या**

महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक ऐतिहासिक कदम है, जो महिलाओं को निर्णय लेने की प्रक्रिया में मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करेगा। आज हरिद्वार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि इस अधिनियम के तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में 33 प्रतिशत सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। इससे महिलाएं न केवल नीति निर्माण में भाग लेंगी, बल्कि निर्णय लेने में भी अग्रणी भूमिका निभाएंगी।

## प्रधानमंत्री देहरादून दौरा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कल प्रस्तावित देहरादून दौरे और दिल्ली–देहरादून एक्सप्रेस हाईवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। आशारोड़ी से गढ़ीकैंट तक पूरे मार्ग को 13 जोन में विभाजित कर जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। जिलाधिकारी सविन बंसल ने आज जोनल मजिस्ट्रेटों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की और सभी व्यवस्थाएं चाक–चौबंद रखने के निर्देश दिए हैं। वहीं, प्रधानमंत्री के दौरे के मद्देनजर यातायात व्यवस्था सुचारु रखने के लिए रूट डायवर्जन प्लान भी जारी किया गया है। पुलिस–प्रशासन ने नागरिकों से जारी यातयात प्लान का पालन करने की अपील की है, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## नगर पंचायत पाटी

चम्पावत जिले में नव सृजित पाटी नगर पंचायत चुनाव की प्रशासनिक तैयारिया शुरू हो गई हैं। एक हजार 928 मतदाताओं वाली इस नगर पंचायत में चार वार्ड बनाये गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि नगर पंचायत पाटी में आरक्षण की स्थिति तय कर दी गई है। उन्होंने बताया कि चुनाव को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई हैं। साथ ही रिटर्निंग अधिकारी और सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की तैनाती भी कर दी गई है।

## मुख्यमंत्री समीक्षा

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में विधानसभा क्षेत्र डीडीहाट, गंगोलीहाट, कपकोट और बागेश्वर से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन घोषणाओं पर अभी तक शासनादेश जारी नहीं हुए हैं, उनके संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि लंबित घोषणाओं पर अधिकतम 20 दिनों के भीतर शासनादेश जारी कर दिए जाएं, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि योजनाओं को लागू करने में आने वाली समस्याओं का संबंधित क्षेत्र के विधायकों के साथ समन्वय स्थापित कर उनका प्रभावी समाधान निकाला जाए, ताकि विकास कार्यों की गति बनी रहे। उन्होंने मुख्य सचिव को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बनी सड़कों के रख–रखाव की नियमित निगरानी के लिए संबंधित विभागों की एक समन्वय समिति गठित करने के निर्देश दिए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन सुगम और सुरक्षित बना रहे। मुख्यमंत्री ने बैठक में सभी जिलाधिकारियों को वन भूमि स्थानांतरण से जुड़े मामलों की जिलास्तर पर नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

## केदारनाथ निरीक्षण

आगामी 22 अप्रैल से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। इसी क्रम में आज रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा और पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने केदारनाथ धाम में विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है और इसके लिए व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर ने बताया कि यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। साथ ही सुरक्षा के मद्देनजर ड्रोन और सीसीटीवी से निगरानी की जाएगी।

## छड़ी यात्रा

प्रदेश में चारधाम की ऐतिहासिक एक हजार 221वीं छड़ी यात्रा का आज हरिद्वार में हर की पैड़ी स्थित ब्रह्मकुंड में गंगा स्नान के साथ शुभारंभ हुआ। यह यात्रा सात जून तक चरणबद्ध तरीके से संचालित होगी और चारों धामों की परिक्रमा करेगी। श्री शंभू पंचदशनाम अखाड़ा के श्रीमहंत गोपाल गिरि महाराज ने संत–महात्माओं के साथ छड़ी का पूजन और स्नान कराया। छड़ी यात्रा का संचालन षड्दर्शन साधु समाज और अखिल भारतीय सनातन धर्म रक्षा समिति द्वारा किया जा रहा है। गंगा स्नान के बाद यात्रा ऋषिकेश के लिए रवाना हुई। ऋषिकेश प्रवास के दौरान कल छड़ी यात्रा त्रिवेणी संगम में स्नान कर गौरी शंकर मंदिर में दर्शन के लिए रखी जाएगी। इसके बादयात्रा चरणबद्ध तरीके से आगे की ओर रवाना होगी।

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ''मुख्यमंत्री आवास'' में श्री बाबा नीब करौरी महाराज पर आधारित फिल्म के प्रोमो और पोस्टर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि यह फिल्म केवल एक सिनेमाई प्रस्तुति नहीं है, बल्कि श्रद्धा, भक्ति और मानवता के उच्च आदर्शों को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का एक सराहनीय प्रयास है। उन्होंने कहा कि बाबा नीब करौरी महाराज जी का दिव्य जीवन आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस प्रकार के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विषयों पर आधारित प्रयास भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों के संरक्षण व प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह फिल्म समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करेगी और नई पीढ़ी को अपने सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक मूल्यों से जोड़ने में सहायक सिद्ध होगी।